दिनांक : 09.01.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

पीएम प्रवासी भारतीय दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों की निर्णायक भूमिका है। श्री मोदी ओडिशा के भुबनेश्वर में 18वें प्रवासी भारतीय दिवस का औपचारिक उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने वैश्विक विकास और भारत की विकास यात्रा में प्रवासी भारतीयों की महत्वपूर्ण भूमिका की प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने प्रवासी भारतीयों को वैश्विक सम्मान दिलाने में भारतीय मूल्यों की भूमिका को रेखांकित किया। भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत न केवल 'लोकतंत्र की जननी' है, बल्कि लोकतंत्र हमारी जीवन शैली में समाहित है।

नितिन गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज एक दिवसीय दौरे पर मध्य प्रदेश आ रहे हैं। श्री गडकरी इंदौर में राज्य में चल रही विभिन्न सड़क परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। वह इंदौर-खंडवा राष्ट्रीय राजमार्ग के तेजाजी नगर बलवाड़ा खंड के निर्माण कार्य का निरीक्षण करेंगे। श्री गडकरी पीथमपुर में राष्ट्रीय ऑटोमोटिव टेस्ट ट्रैक नेट्रैक्स का निरीक्षण करेंगे और यहां आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे। वे बाहा एसएई इंडिया 2025 प्रतियोगिता का शुभारंभ करेंगे और एम बाहा तथा एच बाहा वाहनों का लोकार्पण

करेंगे। वे इंदौर में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों की बैठक भी लेंगे और चल रहे कार्यों की समीक्षा करेंगे। इंदौर प्रवास के दौरान वे श्री नाथ मंदिर भी जाएंगे।

मेला-महाकुंभ

उत्तर प्रदेश के अस्थायी जिले, महाकुंभ नगर में 13 जनवरी से शुरू होने वाले महाकुंभ की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। संगम क्षेत्र में नदियों के किनारे लगभग 12 किलोमीटर इलाके में पारम्परिक स्नान अनुष्ठानों के लिए घाट तैयार किये गये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज शाम प्रयागराज में आयोजन की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। प्रयागराज में गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम पर महाकुंभ 26 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। मेले में बडी संख्या में देश-विदेश से श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है।

एमएचए-टीबी अभियान

गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से अनुरोध किया है कि वे देश से टीबी रोग समाप्त करने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता के तहत जेलों और सुधार संस्थानों में क्षय-रोग उन्मूलन के लिए 100-दिन का अभियान शुरू करें। मंत्रालय ने एक पत्र के जरिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से जांच शिविर आयोजित करने और सभी जेलों में टीबी रोग से संबधित सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री प्रदर्शित करने को कहा है।

अनुगूंज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव स्कूल शिक्षा विभाग के सांस्कृतिक कार्यक्रम "अनुगूंज 2024-25" का कल शुभारंभ करेंगे। शासकीय

सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह भी उपस्थित रहेंगे। अनुगूँज के प्रथम भाग 'धनक' के अंतर्गत गायन-वादन के साथ ही भारत के विविध शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुतियाँ होगी। वहीं कार्यक्रम के द्वितीय भाग 'रंगकार' में प्रसिद्ध नाटक "चरन दास चोर" का मंचन विद्यार्थियों द्वारा किया जायेगा। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त रंगकर्मी और कलाकारों को मेंटोर्स के रूप में संयोजित किया गया है। इन्होंने एक कुशल मार्गदर्शक के रूप में इस विशेष कार्यक्रम और भविष्य के लिए भी इन विद्यार्थियों को विभिन्न कलाओं में पारंगत कराया है।

मौसम

भोपाल समेत प्रदेशभर में सर्दी का सितम जारी है। पचमढ़ी में तापमान रिकॉर्ड 0.2 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं, भोपाल में 10 साल का रिकॉर्ड टूटा है। मंगलवार-बुधवार की रात यहां तापमान 3.6 डिग्री रहा। ऐसा ही मौसम आज भी बना हुआ है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 9 जिलों में कोल्ड-डे का अलर्ट जारी किया है। वहीं, आज सुबह करीब 20 जिलों में कोहरा छाया है।

समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम में आज युवा संगम रोजगार और स्वरोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। मेले में शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार तथा स्वरोजगार करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

- विदिशा में स्वामी विवेकानंद के जन्म-दिवस 12 जनवरी को युवा दिवस के मौके पर विद्यालयों, महाविद्यालयों और शिक्षण संस्थाओं में सामूहिक सूर्य-नमस्कार का आयोजन किया जाएगा ।
- सर्दी की दूसरी लहर ने जबलपुर सहित संभाग के जिलों को कंपकंपा दिया है। आज जबलपुर में घने कोहरे से विजिबिलिटी 50 मीटर ही रह गई।

....